रतलाम–जावरा

नवभारत 02

इंदौर, मंगलवार, 22 सितंबर 2026



# एक गिरफ्तारी से खुला चोरी का नेटवर्क, चांदी और नकद बरामद

- कई साथियों के नाम आए सामने
- अलग-अलग जिलों में वारदात करने की भी मिली जानकारी

**चार-पांच टीमों में 20-25 लोग, जिलों में घूमकर वारदात**

पुलिस के मुताबिक पूछताछ में भिषण ने बताया कि बोरी थाना, जिला अलीराजपुर और टांडा थाना, जिला धार क्षेत्र की करीब चार-पांच टीमों में 20-25 लोग शामिल हैं। ये लोग अलग-अलग जिलों में जाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि रतलाम सहित अन्य जिलों में कितनी वारदातें की गई हैं और चोरी का माल कहां खपाया गया।

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों की जांच में पुलिस को एक ऐसे गिरोह की जानकारी मिली है, जो अलग-अलग जिलों में जाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने मामले में भिषण उर्फ विशन पिता हेमलू, उम्र 32 वर्ष, निवासी फुट तालाब को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में उसके साथ मोहब्बत और झाबुआ निवासी सुरेश भूरिया सहित अन्य साथियों के शामिल होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने आरोपियों से अब तक 1 किलो 300 ग्राम चांदी और 15 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

औद्योगिक थाना क्षेत्र में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में टीम गठित की गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राकेश कुमार पन्द्रो और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने संदिग्धों और पुराने चोरी के मामलों को जोड़ते हुए जांच शुरू की।

जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की घटनाओं में अलीराजपुर जिले के बोरी थाना क्षेत्र के चोरों का हाथ हो सकता है। पुलिस ने सूचना की पुष्टि के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके बाद सुरेश पिता अकरम भूरिया निवासी ग्राम गढ़वाली, थाना कोतवाली, जिला झाबुआ को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने मोहब्बत और उसके एक साथी के साथ चोरी करना बताया।

इसके बाद पुलिस ने संदेही भिषण उर्फ विशन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक उसने भी साथियों के साथ चोरी की वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया। उसे थाना औद्योगिक क्षेत्र के अपराध क्रमांक 748/2026 में धारा 331(4) और 305(ए) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक गुलाब सिंह भयडिया थाना सैलाना, प्रधान आरक्षक अनिल सोलंकी, प्रधान आरक्षक दिलीप रावत थाना नामली, प्रधान आरक्षक निलेश पाठक, प्रधान आरक्षक अभिषेक पाठक, प्रधान आरक्षक नारायण सिंह जादौन, आरक्षक रवि चंदेल और आरक्षक गोविन्द गेहलोत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं उपनिरीक्षक गायत्री सोनी, उपनिरीक्षक उदयभान राय, उपनिरीक्षक ध्यान सिंह सोलंकी, प्रधान आरक्षक चंदर सिंह मार्को, आरक्षक मयंक जाटव, आरक्षक पवन, आरक्षक बनवारी रावत तथा साइबर सेल के उपनिरीक्षक जीवन बारिया और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**पहले पकड़े गए आरोपियों से भी मिला चोरी का माल**

इस मामले में पुलिस पहले मुन्ना और प्यारसिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने इन आरोपियों और भिषण उर्फ विशन से कुल 1 किलो 300 ग्राम चांदी तथा 15 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। भिषण को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लेने की तैयारी है। रिमांड के दौरान पुलिस उससे गिरोह के अन्य सदस्यों, चोरी की वारदातों और बरामदगी के संबंध में पूछताछ करेगी।

# धौलावड़ डेम 45 प्रतिशत ही भराया, कलेक्टर के निर्देश सिंचाई के लिए नहीं दिया जाए पानी

- पानी चोरी या जबरदस्ती पाइप डालने पर उपकरण तुरंत जब्त कर दर्ज करें प्रकरण



**पानी की सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था करे नगर निगम**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति डेम से पानी चोरी करने अथवा जबरदस्ती पाइप डालने का प्रयास करता है तो सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डेम क्षेत्र में कोई पंप अथवा सिंचाई के उपकरण पाए जाने पर उन्हें तत्काल जब्त कर संबंधित के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर अजय कटेसरिया ने साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि धौलावड़ डेम से सिंचाई के लिए जल नहीं दिया जाए। धौलावड़ डेम वर्तमान में लगभग 45 प्रतिशत ही भरा है, इसलिए उपलब्ध जल को पेयजल के लिए सुरक्षित रखा जाए।

कलेक्टर श्री कटेसरिया ने कहा कि जिले में बारिश का दौर समाप्त हो गया है। ऐसी स्थिति में धौलावड़ डेम से गेहूं की सिंचाई के लिए जल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभाग आसपास के किसानों को चना अथवा कम पानी वाली अन्य फसलें लेने के लिए समझाइश दें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि कोई व्यक्ति डेम से पानी चोरी करने अथवा जबरदस्ती पाइप डालने का प्रयास करता है तो सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डेम क्षेत्र में कोई पंप अथवा सिंचाई के उपकरण पाए जाने पर उन्हें तत्काल जप्त कर संबंधित के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की जाए। इस संबंध में नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किए जा रहे राशन वितरण की भी समीक्षा की। 21 सितम्बर 2026 की स्थिति में जिले में अगस्त एवं सितम्बर माह का कुल 94.35 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। समीक्षा में जिले की 10 उचित मूल्य दुकानों पर अपेक्षाकृत कम खाद्यान्न वितरण पाया गया। इनमें नगर परिषद धामनोद की एक दुकान पर 6.90 प्रतिशत, नगर निगम रतलाम की दुकानों पर 18.58 प्रतिशत, 56.15 प्रतिशत, 57.61 प्रतिशत एवं 62.98 प्रतिशत, जनपद पंचायत रतलाम की दुकानों पर 28.76 प्रतिशत एवं 57.14 प्रतिशत, जनपद पंचायत बाजना में 36.07 प्रतिशत तथा जनपद पंचायत सैलाना की दुकानों पर 64.79 प्रतिशत एवं 66.19 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण हुआ है। कलेक्टर ने कम वितरण वाली उचित मूल्य दुकानों की नियमित निगरानी करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**बाजना में मेटरनिटी वार्ड शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश:** कलेक्टर श्री कटेसरिया ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए बाजना में मेटरनिटी वार्ड को शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिपं सुश्री वैशाली जैन, अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# 5 वर्ष का मासूम घर के बाहर बने पानी के हौद में डूबा, मौत

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर से लगे गांव में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। यहां 5 वर्षीय मासूम अर्जुन की घर के बाहर बने पानी के खुले हौद में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। रविवार शाम अर्जुन अपने 7 वर्षीय बड़े भाई नीतिक के साथ घर के बाहर खेल रहा था। परिवार के सभी सदस्य अपने-अपने कामों में व्यस्त थे और पिता बहादुर डाबी और दादा काम पर गए हुए थे, मां श्यामा देवी खेत में घास काटने गई थीं, और दादी अमरी देवी बकरियां चराने गई थीं। इसी दौरान खेलते-खेलते अर्जुन अचानक पानी से भरे खुले हौद में गिर गया। साथ में खेल रहा सात साल का मासूम भाई इस खतरे को समझ नहीं पाया और न ही समय रहते किसी को बुला सका। शाम को जब मां श्यामा देवी खेत से वापस लौटीं, तो उन्होंने अर्जुन को पानी के हौद में अचेत पड़ा देखा। मां की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हुए और आनन-फानन में मासूम को नजदीकी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालांकि, तब तक बहुत देर हो चुकी थी, डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद अर्जुन को मृत घोषित कर दिया।

**सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस:** सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पालकों ने समझी छात्रों की प्रगति...

**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रतलाम में त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति के विश्लेषण को लेकर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया। बैठक में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर सहभागिता की तथा अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के संबंध में शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। पीटीएम के दौरान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला की प्रदर्शनी का अवलोकन समस्त अभिभावकों को करवाया गया। बैठक में पीटीएम प्रभारी श्रीमती हेमलता शिवहरे के साथ वरिष्ठ शिक्षक शरद कुमार शर्मा, श्रीमती माया मौर्या, डॉ. ललित मेहता, श्रीमती प्रेमलता व्यास, मनोज मूणत, सुश्री यशस्वी वर्मा, श्रीमती दिव्या मल्ल एवं श्रीमती रीना कोठारी सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### नशीली दवाओं की रोकथाम के दिए निर्देश

**रतलाम।** जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीले पदार्थों की रोकथाम तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अजय कटेसरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अपर कलेक्टर बृजेंद्र कुमार रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री कटेसरिया ने मादक पदार्थों की रोकथाम एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध पुलिस एवं एनसीबी द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की गई। औषधि निरीक्षक को नशीली दवाओं के अवैध उपयोग एवं बिक्री की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सीबीएन एनसीबी एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री कटेसरिया ने पुलिस एवं संबंधित विभागों को मादक पदार्थों की तस्करी के हॉटस्पॉट क्षेत्रों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफेमा अधिनियम सहित उपलब्ध कानूनी प्रावधानों के तहत प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। उन्होंने स्कूलों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा आरटीओ के माध्यम से बसों में नशामुक्ति संबंधी फ्लेक्स एवं बैनर लगाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक नशे के दुष्प्रभावों का संदेश पहुंच सके।

### कन्या शिक्षा परिसर की तीन छात्राएं चयनित

**रतलाम।** पीएम श्री माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर रतलाम प्राचार्य गणतंत्र मेहता ने बताया कि विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन शालेय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद छात्राएं शालेय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगी। मिनी वर्ग में रीता पिता कैलाश चरपोटा, जूनियर वर्ग में काजल पिता विश्राम डोडियार तथा सीनियर वर्ग में सुमन पिता प्रकाश डोडियार का चयन हुआ है।

### रेलवे स्टेशनों पर मिलेगी स्वच्छ शौचालय सुविधा

**रतलाम।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार के रतलाम मंडल के निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना में यात्रियों को बेहतर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के वाणिज्य विभाग की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्रीमती हिना वी. केवलरामानी एवं मानद नियंत्रण अधिकारी रनजीत कुमार सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, स्टेट ब्रांच मध्य प्रदेश, भोपाल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एमओयू के अंतर्गत रतलाम मंडल के नागदा, खाचरोद, देवास, उज्जैन एवं विक्रम नगर रेलवे स्टेशनों पर स्थित पे एंड यूज शौचालयों के संचालन की जिम्मेदारी सुलभ इंटरनेशनल को सौंपी गई है। इससे इन पाँचों स्टेशनों पर यात्रियों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं बेहतर शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पे एंड यूज शौचालयों के नियमित संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी विशेषज्ञ संस्था को सौंपे जाने से यात्रियों को इन सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा। स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार के दौरान ठहरने वाले यात्रियों तथा लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए स्वच्छ एवं सुविधाजनक शौचालय सुविधा उपलब्ध होना यात्री सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस पहल से शौचालयों की स्वच्छता एवं रखरखाव व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ-साथ स्टेशन परिसरों में स्वच्छता के स्तर को और बेहतर बनाने में भी सहायता मिलेगी।

### सांदीपनि विद्यालय में ओजोन दिवस पर कार्यक्रम

**जावरा।** सांदीपनि विद्यालय में इको क्लब के तत्वावधान में 'विश्व ओजोन दिवस' के अवसर पर एक शानदार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इको क्लब प्रभारी सुनील सोनी ने ओजोन परत को पृथ्वी का सुरक्षा कवच बताया और सीएफसी गैसों के नुकसान तथा मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की जानकारी दी। उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया, वहीं हर्षा नामदेव ने ओजोन छिद्र के दुष्प्रभावों के प्रति आगाह किया। रचनात्मक प्रतियोगिताएं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक पोस्टर निर्माण, नारा-लेखन और प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया और 'ओजोन बचाओ - जीवन बचाओ' का नारा बुलंद किया। विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र कुमार बॉस ने इको क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुनील सोनी ने किया। इस अवसर पर मुकेश गहलोत, कल्पना भटनागर, विजय प्रजापत, पवन अटोलिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों का उपवास, फॉर्म नहीं भरने की शपथ

- 250 शिक्षकों ने सामूहिक उपवास किया
- मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में रविवार को आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले करीब 250 शिक्षक एकजुट हुए। जिला स्तरीय बैठक के साथ शिक्षकों ने सामूहिक उपवास किया और आगामी टीईटी के आवेदन नहीं करने की शपथ ली। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष उपाध्याय को सौंपा गया।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को दोबारा टीईटी के दायरे में लाना उचित नहीं है। कई शिक्षक निर्धारित मापदंड पूरे करने के बाद नियुक्त हुए हैं। इनमें कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने वर्ष 2005 और 2008 में व्यापमं द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की थी। संघ का सवाल था कि जब शिक्षक पहले ही पात्रता परीक्षा पास कर चुका है तो उसे दोबारा परीक्षा देने के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है।

संभागाध्यक्ष प्रकाश शुक्ला ने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता का विरोध किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गोंड ने कहा कि तमिलनाडु सरकार विधानसभा में टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेज सकती है तो मध्यप्रदेश सरकार भी प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षकों के हित में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजे। आनंद चावला और राजेश जोशी ने शिक्षकों से आगामी टीईटी के आवेदन नहीं करने का आह्वान किया। महिला नेत्री हरनिस सिंह सोलंकी ने परीक्षा की प्रक्रिया और शुल्क को लेकर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब परीक्षा शिक्षक की इच्छा के विरुद्ध ली जा रही है तो उसकी फीस भी शिक्षक से लेना उचित नहीं है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि आगामी समय में भोपाल में होने वाले प्रदर्शन में सभी शिक्षकों को तन-मन-धन से सहयोग करना होगा। संचालन जिला सचिव राजेश स्वर्णकार व ज्ञापन का वाचन श्रीमती वीणा जोशी ने किया। अशोक दडिंग, सादिक खान, दिनेश सोनी, दिनेश परमार, प्रकाश वर्मा, जितेंद्र शर्मा, अर्जुन राठौर, तेजू डोडियार, रामकरण कनेरिया, विजय डोडियार सहित करीब 250 शिक्षक उपस्थित रहे।

**टीईटी के साथ अन्य मांगों पर भी आवाज**

बैठक में टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने के साथ अव्यावहारिक ई-अटेंडेंस व्यवस्था का विरोध किया गया। शिक्षकों ने क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ देने, वेतन का समय पर भुगतान करने, परिवीक्षा अवधि पूरी कर चुके शिक्षकों को तत्काल नियमित कर 100 प्रतिशत वेतन देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा नियमानुसार सेवा अवधि पूरी करने वाले शिक्षकों को पदोन्नति-क्रमोन्नति का लाभ देने की मांग उठाई।

# लॉ कॉलेज में 'कपल गरबा' पर विवाद हिंदू संगठनों के विरोध के बाद कराया बंद

**रतलाम।** कॉलेज परिसर के सभागार में 'कपल गरबा' आयोजित किए जाने की सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और तीखा विरोध जताते हुए कार्यक्रम को तुरंत बंद करवा दिया। विवाद की सूचना पर स्टेशन रोड थाना पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

जानकारी के अनुसार आनंद कॉलोनी स्थित शासकीय कैलाशनाथ काटजू विधि महाविद्यालय (लॉ कॉलेज) परिसर में सोमवार को गणेश उत्सव के दौरान गरबा आयोजन को लेकर भारी हंगामा हो गया। दोपहर में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली कि कॉलेज के बंद सभागार के भीतर विद्यार्थियों द्वारा 'कपल गरबा' का आयोजन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही हिंदू संगठन के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता लॉ कॉलेज परिसर पहुंचे।

मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने बंद कमरे में इस तरह के आयोजन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। संगठन के प्रतिनिधि सुनील राठौड़ ने बताया, 'हमें सूचना मिली थी कि लॉ कॉलेज में इवेंट ऑर्गेनाइज कर गरबा फंक्शन चलाया जा रहा है। गरबा हमारी आस्था और संस्कृति का विषय है। यदि गरबा आयोजित करना ही है तो उसे खुले मैदान में मर्यादा और परंपरा के साथ किया जाना चाहिए। बंद कमरे में इवेंट के रूप में 'कपल गरबा' कराना बिल्कुल अनुचित है।' हंगामे की जानकारी मिलते ही स्टेशन रोड थाना पुलिस मुकेश सस्तीया बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं और कॉलेज प्रशासन से बातचीत की। कॉलेज प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि आगे से इस तरह की गलती नहीं होगी, जिसके बाद सर्वसम्मति से गरबा आयोजन को तुरंत प्रभाव से बंद करवा दिया गया। मोके पर संगठन के ऋषभ सुराणा, गनी शक्तावत, मंथन मुसले, माधव, हिन्दू जागरण मंच विजय यादव सहित संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीर तेजाजी महाराज का चार दिनी मेला

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** पिपलोदा तहसील के ग्राम आक्यादेह स्थित श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज मन्दिर में चल रहा चार दिवसीय भव्य मेला और धार्मिक आयोजन सोमवार, 21 सितम्बर को संपन्न हो गया है। इस अवसर पर विशाल मेले के साथ-साथ भस्मासुर मोहिनी नाटकीय कथा, संगीतमय वार्ता और महाप्रसादी (भण्डारे) का आयोजन किया गया।

आयोजन के तहत चार दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसके तहत 18 सितम्बर शुक्रवार को रात्रि 9 बजे जय शिव रामायण मण्डल, निम्बाहेड़ा (राजस्थान) द्वारा भस्मासुर मोहिनी की नाटकीय कथा प्रस्तुत की गई। 19 शनिवार को रात्रि 9 बजे इसी मण्डल द्वारा बाबा रामदेव जी का नाटकीय ब्यावला प्रस्तुत किया गया। 20 रविवार को रात्रि 9 बजे से संगीतमय वार्ता का आयोजन हुआ। 21 सितम्बर 2026 (सोमवार) को प्रातः 10:15 बजे से सायं 6 बजे तक भव्य मेला एवं महाप्रसादी (भण्डारा) आयोजित किया गया।

इसी दिन सायं 7 बजे से नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके साथ इस मेले का समापन हुआ। यह धार्मिक आयोजन विनीत श्री सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज मन्दिर समिति तथा आक्यादेह, श्यामपुरा, भाटखेड़ी, शुजापुर, बाराखेड़ा, हरियाखेड़ा, मामटखेड़ा सहित समस्त क्षेत्रवासियों के विशेष सहयोग से आयोजित किया गया।

# आज होगा 'उमंग दिवस' का आयोजन

**रतलाम।** उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम जिले के समस्त शा. हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 22 सितंबर 2026 को 'उमंग दिवस' का आयोजन किया जाएगा। उमंग दिवस का आयोजन 'उमंग है तो जिंदगी में रंग है चुनौतियों से लड़कर, सकारात्मकता से गढ़ेंगे भविष्य' की थीम पर आयोजित होगा। यह दिवस नई ऊर्जा, नई उमंग एवं नए उत्साह सहित स्वर्णिम अवसर को भुनाने का समय है। उमंग स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस से संबंधित उत्साहवर्धन एवं प्रेरणादायी गतिविधियाँ, 'जोश टॉक' के माध्यम से बालिकाओं में 'सशक्त' आत्मरक्षा के प्रति निर्भीकता भरें, गुड टच बैड टच आदि अभियान का आयोजन होगा।

# पॉवर ग्रिड के 12 किसानों के टावर कंस्ट्रक्शन का काम बुधवार तक क्लियर करें : मुख्य सचिव बर्णवाल

- कलेक्टर ने पावर ग्रिड लाइन के कार्य की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

**रतलाम।** जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्य और उनके प्रगति की समीक्षा मुख्य सचिव ने की।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। समीक्षा के दौरान रतलाम जिले में पावर ग्रिड की लाइन डालने के कार्य की भी जानकारी ली गई।

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान रतलाम जिले में पावर ग्रिड की लाइन डालने के कार्य की भी जानकारी ली गई।

मुख्य सचिव बर्णवाल ने निर्देश दिए कि जिले में पावर ग्रिड लाइन के कार्य के अंतर्गत जिन 12 किसानों की भूमि पर टावर कंस्ट्रक्शन का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनके प्रकरणों का निराकरण बुधवार से पहले सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए टावर कंस्ट्रक्शन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजय कटेसरिया ने समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए संबंधित किसानों से समन्वय कर लंबित कार्यों को समय-सीमा में पूरा किया जाए।

पावर ग्रिड लाइन के टावर कंस्ट्रक्शन के लिए लंबित 12 किसानों में गोंडीशंकर के 3, मेंड़ाखेड़ा के 5, ऊनी का 1, बोरवाना का 1 तथा वीरपुरा के 2 किसान शामिल हैं।

**एक नजर में** — **150 वर्षों की धार्मिक परंपरा का दिया हवाला**

# कर्बला मैदान से गणेश विसर्जन जुलूस निकाले जाने पर मुस्लिम समाज की आपत्ति

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** ताज़िया कमेटी और सीरत कमेटी सहित मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 25 सितंबर 6 को कर्बला मैदान से प्रस्तावित सामूहिक गणेश विसर्जन जुलूस पर आपत्ति जताई है।

समितियों का कहना है कि यह मैदान पिछले लगभग 150 वर्षों से मुस्लिम समाज के धार्मिक आयोजनों (जैसे मुहर्रम और ईद मिलादुन्नबी) के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। समाज का तर्क है कि आज तक उक्त मैदान में शांतिपूर्ण रूप से कार्यक्रम होते आए हैं तथा वहां किसी अन्य धर्म का कार्यक्रम आयोजित करने की परंपरा नहीं रही है।

**विवाद और शांति भंग होने की आशंका:** ज्ञापन के अनुसार, जानकारी मिली है कि 25 सितंबर को शाम 6 बजे से सामूहिक गणेश विसर्जन का जुलूस कर्बला मैदान से प्रारंभ होगा और वहीं समाप्त भी होगा। मुस्लिम समाज ने चिंता व्यक्त की है कि कर्बला मैदान से पहली बार किसी अन्य धार्मिक आयोजन का जुलूस निकाले जाने से स्थानीय लोगों की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में मैदान के उपयोग को लेकर विवाद उत्पन्न होने, शांति भंग होने और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका जताई गई है।

**प्रशासन से वैकल्पिक स्थान निर्धारित करने की मांग**

ज्ञापन में यह स्पष्ट किया गया है कि मुस्लिम समाज किसी भी धार्मिक आयोजन के विरोधी नहीं है और न ही उनका उद्देश्य कोई बाधा उत्पन्न करना है। धार्मिक सद्भाव, जनभावना और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए समितियों ने प्रशासन से निवेदन किया है कि उक्त जुलूस के प्रारंभ एवं समापन के लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित किया जाए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि कर्बला मैदान से जुलूस की अनुमति न दी जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

# आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनि जी के 85 वें जन्मोत्सव पर गौ-सेवा, जीवदया सोसाइटी में हुआ स्वामीवात्सल्य

**जावरा।** श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर, ध्यानयोगी आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनि जी महाराज साहब का 85 वां जन्मोत्सव जावरा में पूरी श्रद्धा, उत्साह और सेवाभाव के साथ मनाया गया। धर्म आराधना चातुर्मास समिति और जैन दिवाकर परिवार, जावरा की ओर से स्थानीय जीवदया सोसाइटी में गायों का स्वामीवात्सल्य आयोजित किया गया। वर्तमान जैन संतों में सर्वाधिक शिक्षित संतों में अग्रणी, आचार्य डॉ. शिवमुनि जी म.सा. का जन्म 18 सितंबर 1942 को पंजाब के मलोट में हुआ था। उनके बचपन का नाम शिव कुमार था। युवावस्था में उन्होंने विश्व के करीब 51 देशों की यात्रा कर पाश्चात्य संस्कृति का निकट से अध्ययन किया। दर्शनशास्त्र में डबल एम.ए. और अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. करने के बाद उन्होंने जैन धर्म में मुक्ति की अवधारणा पर शोध कर सर्वोच्च उपाधियां हासिल कीं। जीवदया सोसाइटी में आयोजित इस पुनीत कार्य में जैन दिवाकर परिवार के कई वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने भाग लिया। जिसमे धर्म आराधना चातुर्मास समिति प्रमुख नितिन कोलन, अजय चपड़ोद, पराग कोचट्टा, राजमल भंडारी, सुजान मल कोचट्टा, सुशील मेहता, राकेश कोचट्टा, राजेश सियार, विरेन्द्र डोसी, पारस गादिया, अभय मंडलेचा, निलेश पोखरना, राहुल गादिया, जैनम चपड़ोद, आशीष चोपड़ा और विनोद चपड़ोद आदी शामिल रहे।